# रणजीत टाइम्स

इंदौर

बुधवार, 26 नवम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 294 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे



# गुलामी की मानसिकता त्यागें और कंधे से कंधा मिलाकर विकसित भारत बनाने में जुट जाएं - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



**रणजीत टाइम्स**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राम नगरी अयोध्या में वैदिक मंत्रों के बीच शुभ मुहूर्त में राम मंदिर के मुख्य शिखर पर धर्मध्वजा फहराई। हवा में केसरिया ध्वज के फहरते ही पूरी अयोध्या 'जय श्री राम' के उद्घोष से गुंजायमान हो गई और पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रख्यात साधु-संत और धर्माचार्य उपस्थित रहे। सियावर राम चंद्र की जय बोलकर राम मंदिर के ध्वजारोहण समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रभु श्री राम के व्यक्तित्व के विभिन्न रूपों का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार भगवान राम के आदर्शों पर चलकर समाज के सभी वर्ग के लोगों को विकास कर रही हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे गुलामी मानसिकता को त्यागकर अपनी विरासत अपना कर विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्ति के लिए साथ आएं।





## राम मंदिर भारत का चेतना स्थल

समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को रेखांकित करते हुए कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए समाज की इसी सामूहिक शक्ति की आवश्यकता है। मुझे खुशी है कि राम मंदिर भारत के चेतना स्थली बन रहा है। यहां माता शबरी का मंदिर है, जो जनजातीय समाज के प्रेम प्रेरणा की मूर्ति हैं। यहां एक ही स्थान पर माता अहिल्या हैं, महर्षि वाल्मीकी हैं, महर्षि वशिष्ठ हैं, महर्षि विश्वामित्र हैं, महर्षि अगस्त्य हैं, और संत तुलसीदास हैं। रामलला के साथ-साथ इन सभी ऋषियों के दर्शन भी यहीं पर होते हैं।

## आज हिंदू समाज ने 500 साल तक संघर्ष करके दिखा दिया

समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघके सरसंघचालकडॉक्टर मोहन भागवत ने कहा कि यह वही राम राज्य का ध्वज है, जो कभी अयोध्या में फहराता था, आज वह फहरा गया है। इस भगवा ध्वज पर रघुकुल का प्रतीक कोविदार वृक्ष है। यह वृक्ष रघुकुल की सत्ता का प्रतीक है। यह वही वृक्ष है जिसके लिए कहा जाता है, कि वृक्ष सबके लिए छाया देते हैं, स्वंय धूप में खड़े रहकर और फल भी दूसरों के लिए देते हैं। राम राज्य का ध्वज यही संदेश देता है कि स्थितियां कितनी भी प्रतिकूल हों लेकिन उसे अपने धैर्य के साथ अनुकूलता में बदलना है। आज हिंदू समाज ने 500 साल तक संघर्ष करके दिखा दिया है। इसी सत्य पर आधारित धर्म दुनिया को देने वाला भारत आज खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि मंदिर के लिए सब कुछ न्योछावर करने वालों को आज पूर्ण संतुष्टि मिली होगी।

## दस साल में खत्म करें मैकाले वाली मानसिकता

उन्होंने कहा कि अपनी विरासत पर गर्व के साथ-साथ एक और बात भी महत्वपूर्ण है, और वो है- गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्ति। आज से 190 साल पहले, साल 1835 में मैकाले नाम के एक अंग्रेज़ ने भारत को अपनी जड़ों से उखाड़ने के बीज बोए थे। मैकाले ने भारत में मानसिक गुलामी की नींव रखी थी। दस साल बाद, यानि 2035 में उस अपवित्र घटना को 200 वर्ष पूरे हो रहे हैं। कुछ दिन पहले ही मैंने एक कार्यक्रम में आग्रह किया था कि हमें आने वाले दस वर्षों तक, उस दस वर्षों का लक्ष्य लेकर चलना है कि भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करके रहेंगे। ये गुलामी की मानसिकता ही है, जिसने राम को नकारा । कुछ लोगों की इसी मानसिक गुलामी ने राम को भी काल्पनिक बता दिया। भारत देश की महान विरासत का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह प्रचारित किया गया कि हमारा संविधान भी विदेश से प्रेरित है, जबकि सच ये है कि भारत लोकतंत्र की जननी है । तमिलनाडु के एक गांव में शिलालेख में बताया है कि हजारों साल पहले कैसे सरकार चुनी जाती थी और कैसे शासन चलता था।

## संक्षिप्त खबरें

### नया बिहार बनाने में जुटी सरकार, अब हर 40 किमी पर फोरलेन

**पटना।** बिहार एनडीए की सरकार एक बार फिर बन गई है। काम का नया जोश भी दिखाई दे रहा है। उत्साहित सरकार अब बिहार के लोगों को घर से 40 किलोमीटर की दूरी पर फोर लेन सड़क देने जा रही है। अगले दो साल में राज्य के किसी भी कोने से चार घंटे में पटना पहुंचने की योजना को साकार करने के लिए पथ निर्माण विभाग इस लक्ष्य के साथ काम करेगा। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने विभाग का पदभार ग्रहण करने के साथ यह प्रतिबद्धता दोहराई। पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त किया। कहा कि पथ निर्माण विभाग राज्य के समग्र विकास की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता रहेगी कि अगले पांच साल में एक्सप्रेस-वे और रिंग रोड जैसी महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं को ससमय धरातल पर उतारने के लिए तेजी से कार्य किए जाएं।

### एसिड को पानी समझकर खाने में डाल दिय

**मिदनापुर।** पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले में खाना खाने के बाद एक परिवार के छह लोग बीमार हो गए। उन्हें यह नहीं पता था, जो खाना वो खा रहे हैं वो पानी नहीं, बल्कि एसिड से पका था। एसिड से पके खाने को खाने से उनके पेट में तेज जलन, उल्टी और दर्द शुरू हो गया, जिसके बाद पूरे परिवार को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। यह पूरा मामला पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले का है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ग्राम पंचायत र ेश्वरबटी इलाके का संतु सन्यासी के परिवार के छह सदस्य गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। जांच में पता चला कि संतु सन्यासी के एक रिश्तेदार ने अनजाने में एसिड को पानी समझकर खाना बनाने में इस्तेमाल कर लिया। खाना खाते ही कुछ ही मिनटों में सभी को पेट में जलन, उल्टी और दर्द होने लगा। हालत बिगड़ने पर उन्हें उप-डिविजनल अस्पताल ले जाया गया।

# कई राज्यों में ठंड दिखा रही अपना असर, बर्फीली हवाओं ने जनजीवन किया प्रभावित

## श्रीनगर में पारा -3.2 डिग्री सेल्सियस, दिल्ली में एक्यूआई खराब श्रेणी में

**रणजीत टाइम्स**



देश के कई राज्यों में नवंबर में ही ठंड का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। तापमान गिरने लगा है। कश्मीर घाटी में ठंड ने इस बार नवंबर में ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है। तेज बर्फीली हवाओं और गिरते तापमान ने लोगों के जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है।मौसम विभाग के मुताबिक श्रीनगर में न्यूनतम तापमान -3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बांदीपोरा में पारा -4.1 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का, जो इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात रही। वहीं, हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला और मनाली में भी तापमान रिकॉर्ड तोड़ने लगा है। इसके अलावा उत्तराखंड के कई जिलों में भी तापमान तेजी से नीचे गिर रहा है। दिल्ली और एनसीआर लगातार तीसरे सप्ताह से गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक सोमवार को दिल्ली का एक्यूआई 396 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। आने वाले दिनों में और बुरा हाल होने वाला है। हालांकि एनसीआर के अलग-अलग इलाकों में स्थिति और भी भयावह है, जहां एक्यूआई 450 के स्तर को पार पहुंच गया। यूपी में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। अब धीरे-धीरे रात के समय ठंडक बढ़ती जा रही है। आने वाले दिनों में ठंडक में इजाफा हो सकता है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पिछले 2-3 दिनों से जारी तापमान में गिरावट का सिलसिला अगले 48 घंटों तक जारी रहेगा। प्रदेश में किसी सक्रिय मौसम तंत्र के न होने और ठंडी और शुष्क पछुआ, उत्तरी-पश्चिमी हवाओं के प्रभाव के कारण सर्दी लगातार बढ़ रही है। 25 नवंबर को प्रदेश में मौसम शुष्क रह सकता है। इस दौरान दोनों हिस्सों में सुबह के समय कहीं-कहीं पर कोहरा छा सकता है। इसी तरह 26, 27 और 28 नवंबर को प्रदेश में मौसम साफ रह सकता है। सुबह कोहरा छा सकता है। 29 और 30 नवंबर को भी प्रदेश में मौसम साफ रहने के साथ ही कोहरा छाने की संभावना है। बिहार में सर्दी के साथ ही कोहरा भी बढ़ रहा है और साथ ही प्रदूषण भी खतरनाक लेवल तक बढ़ गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान 2-4 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। वहीं उत्तराखंड में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने से ठंड बढ़ी है। उत्तराखंड में मौसम लगातार शुष्क बना हुआ है लेकिन तापमान में गिरावट आ रही है। न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई है, जिसके चलते पर्वतीय क्षेत्रों से लेकर मैदानी जनपदों तक ठिठुरन होने लगी है।

मौसम केंद्र के मुताबिक फिलहाल मौसम का मिजाज अगले कुछ दिनों तक इसी प्रकार बना रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों में पाला गिरने और मैदानी क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्का कोहरा छा सकता है। देहरादून समेत ज्यादातर क्षेत्रों में सोमवार को तेज धूप खिली रही। हालांकि न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से दिन के समय भी खासी ठंड महसूस की गई है।

## एशिया में तनाव चरम पर जिनपिंग ने ट्रंप को किया फोन, जापान को दी युद्ध की चेतावनी

**बीजिंग।** एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक घटना घटी। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन किया। यह कॉल ताइवान जलडमरूमध्य के आसपास संवेदनशील स्थिति और चीन-जापान के बीच उफान पर तनाव के समय हुई। चीनी सरकारी मीडिया ने इसकी पुष्टि की, जिसमें शी ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का हवाला देते हुए ताइवान को चीन का अभिन्न अंग बताया। व्हाइट हाउस ने कॉल की पुष्टि की, लेकिन विवरण साझा नहीं किए। ट्रंप ने इसे बहुत अच्छा बताते हुए अप्रैल में बीजिंग यात्रा स्वीकार की। शी ने ट्रंप से कहा कि चीन और अमेरिका ने कभी फासीवाद व सैन्यवाद के खिलाफ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ाई लड़ी थी। अब दोनों को युद्ध के परिणामों को ध्यान में रखते हुए सहयोग करना चाहिए। ताइवान का चीन में विलय द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की वैश्विक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कॉल ट्रंप की सौदेबाजी वाली नीति को पुनर्जीवित करने, जापान की मिसाइल तैनाती से संतुलन बनाने और अमेरिका को संदेश देने की कोशिश है। कॉल में व्यापार, यू ेन युद्ध और फेंटेनिल जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और बल प्रयोग से नियंत्रण की संभावना से इनकार नहीं करता। ताइवान सरकार इसे खारिज कर कहती है कि भविष्य का फैसला उसके लोग ही करेंगे। इधर, जापान के साथ संबंध सबसे बुरे दौर में हैं। जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने कहा था कि यदि चीन ताइवान पर हमला करता है, तो जापान सैन्य प्रतिक्रिया दे सकता है। इस बयान ने तनाव बढ़ा दिया।

## सपा प्रमुख यादव ने की टिप्पणी

# पहले निर्माणाधीन केदारेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन करने का करेंगे संकल्प पूरा

**रणजीत टाइम्स**



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि वह अन्य मंदिरों में जाने से पहले इटावा में निर्माणाधीन श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन करने का अपना संकल्प पूरा करेंगे। यह टिप्पणी अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में ऐतिहासिक ध्वजारोहण समारोह से पहले आई है। पीएम मोदी ने ध्वजारोहण समारोह में राम जन्मभूमि मंदिर के 191 फुट ऊँचे शिखर पर पवित्र भगवा ध्वज फहराया।

एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए अखिलेश यादव ने लिखा कि पूर्णता ही पूर्णता की ओर ले जाती है। ईश्वरीय प्रेरणा से इटावा में निर्माणाधीन 'श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर' के पूर्ण होने पर अन्य मंदिरों के दर्शन का संकल्प भी पूरा करेंगे। आस्था जीवन को सकारात्मकता और सद्भाव से भरनेवाली ऊर्जा का ही नाम है। दर्शन के लिए ईश्वरीय इच्छा ही मार्ग बनाती है, वही बुलाती है। सच तो ये है कि हम सब तो ईश्वर के बनाएं मार्ग पर चलकर जाते हैं। आस्थावान रहें, सकारात्मक रहें। बता दें अयोध्या म5 अगस्त, 2020 को भूमि पूजन और 22 जनवरी, 2024 को प्राण प्रतिष्ठा समारोह समें प्रमुख कार्यक्रम हो चुके हैं। अखिलेश यादव जो इनमें से किसी भी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए, उन्होंने उस समय दावा किया था कि उन्हें 22 जनवरी के अभिषेक समारोह के लिए व्यक्तिगत रूप से या डाक द्वारा कोई निमंत्रण नहीं मिला था, और उन्होंने इस बात का प्रमाण मांगा कि निमंत्रण वास्तव में भेजा गया था।

## हिंदू संगठनों ने किया विरोध, प्रशासन ने कहा- प्रक्रिया नीट नियमों के अनुरूप

# एमबीबीएस की 50 सीटों में 42 पर मुस्लिमों का चयन

**रणजीत टाइम्स**



जम्मू-कश्मीर में हाल ही में स्थापित माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस में एमबीबीएस के पहले बैच के लिए हुए दाखिलों ने एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। विवाद की वजह बना 50 सीटों में से 42 मुस्लिम छात्रों का चयन हुआ है, जिसके बाद बीजेपी, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने कड़ा विरोध किया। इन विरोधियों का आरोप है कि माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के वित्तीय सहयोग से चल रहे संस्थान में हिंदू छात्रों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी। इंस्टीट्यूट ने इस माह की शुरुआत में नीट मेरिट लिस्ट के आधार पर अपने पहले एमबीबीएस बैच के लिए दाखिला प्रक्रिया पूरी कर ली है। कुल 50 सीटों में से 85फीसदी सीटें जम्मू-कश्मीर के छात्रों के लिए आरक्षित थीं। मेरिट के आधार पर 42 मुस्लिम और 8 हिंदू छात्रों का चयन किया गया। दाखिला सूची जारी होते ही हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। संगठनों ने तर्क दिया कि- यह संस्थान माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के धन से चलता है इसलिए हिंदू छात्रों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी। बीजेपी ने भी इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देते हुए दाखिला सूची रद्द करने की मांग की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी नेता सुनील शर्मा ने एलजी मनोज सिन्हा से मिलकर विरोध दर्ज कराया और कहा- कि श्राइन बोर्ड को मिलने वाला दान हिंदुओं का है, जो हिंदुओं की भलाई के लिए खर्च होना चाहिए हम चाहते हैं कि प्रवेश उन्हीं को मिले जिनकी माता वैष्णो देवी में आस्था है। इस साल की प्रवेश सूची स्वीकार नहीं है, नियम बदलने चाहिए।

# अगर सहमति से बने संबंधों में ब्रेकअप हो जाता है, तो यह दुष्कर्म मामला नहीं- सुप्रीम कोर्ट

**रणजीत टाइम्स**



दुष्कर्म से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि अगर सहमति से बने संबंधों में ब्रेकअप हो जाता है, तो इसके चलते पुरुष के खिलाफ दुष्कर्म मामला नहीं माना जा सकता। इसके साथ ही आरोपी के खिलाफ दर्ज मामला खारिज कर दिया। याचिका पर सुनवाई कर रही जस्टिस बीवी नागरत्न और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि शादी का झूठा वादा कर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपों से जुड़े स्पष्ट सबूत होने चाहिए। बेंच ने कहा कि एक रिश्ते को दुष्कर्म सिर्फ इसलिए नहीं माना जा सकता, क्योंकि उसका अंत निराशा या असहमति के चलते हुआ है। बेंच ने कहा कि सहमति से संबंध में रह रहे कपल के बीच अगर ब्रेकअप हो जाता है, तो सिर्फ इसके चलते आपराधिक कार्यवाही नहीं की जा सकती है...। शुरुआत में जो संबंध सहमति से बना था, अगर वह शादी में तब्दील नहीं हो सके तो उसे अपराधिक रंग नहीं दिया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि दुष्कर्म मामले के लिए यह भी दिखाना जरूरी है कि शुरुआत से ही शादी का झूठा वादा किया गया था। साथ ही यह भी दिखाया जाना जरूरी है कि महिला ने उस वादे के कारण सहमति दी थी। बेंच ने कहा कि दुष्कर्म और सहमति से सेक्स में फर्क है।

# शासकीय उर्दू विद्यालय की 250-300 छात्राओं आत्मरक्षा के संबंध में पुलिस के द्वारा बालिकाओं को जागरूक कराया गया

खुशबू श्रीवास्तव




शासकीय उर्दू विद्यालय की 250-300 छात्राओं एवं शिक्षक को कराया जागरूक जागरूक अभियान में अंतर्राष्ट्रीय मार्शल आर्ट खिलाडी हिमांशी जाट एवं इन्दौर शहर के प्रसिद्ध प्रशिक्षक विक्रम देवडा उपस्थित रहे पुलिस आयुक्त महोदय, नगरीय इन्दौर संतोष कुमार सिंह , अतिरिक्त पुलिस आयुक्त महोदय, नगरीय इन्दौर कानून/अपराध अमित सिंह के द्वारा के द्वारा इन्दौर में मुस्कान अभियान के तहत गुम बालक – बालिकाओं के दस्तयाब एवं बालक-बालिकाओं को जागरूक करने के संबंध में अभियान चलाया जा रहा है उक्त निर्देशों के पालन में श्रीमान पुलिस उपायुक्त महोदय, जोन-03 नगरीय इन्दौर राजेश व्यास ,अति. पुलिस उपायुक्त महोदय, जोन-03 नगरीय इन्दौर, रामसनेही मिश्रा, सहायक पुलिस आयुक्त तुषार सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रवीन्द्र पाराशर के नेतृत्व में आज दिनांक को जागरूकता अभियान के तहत थाना सेन्ट्रल कोतवाली क्षेत्र में शासकीय उर्दू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाथीपाला इन्दौर के प्रधानाचार्य संजय शुक्ला के सहयोग से शसाकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आत्मरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया । उक्त अभियान शहर के सेल्फडिफेंस प्रशिक्षक श्री विक्रम देवडा एवं अंतर्राष्ट्रीय मार्शल आर्ट खिलाडी हिमांशी जाट उपस्थित रहे । अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी हिमांशी जाट के द्वारा विद्यालय की 250-300 छात्राओं को प्रतिकूल परिस्थितियों में किस प्रकार से अपने पास उपलब्ध संशाधन के माध्यम से आत्मरक्षा की जा सकती है के संबंध में बालिकाओं को जागरूक किया गया । उक्त कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों , कर्मचारी एवं छात्राओं ने बढ-चढ कर भाग लिया गया कार्यक्रम के अंत में शासकीय उर्दू स्कूल प्रभारी संजय शुक्ला ने सभी का आभार माना इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित हुए थाना सेन्ट्रल कोतवाली से उप निरीक्षक अभिरूचि कनोजिया , प्रआर पंकज बघेल , प्रआर लोकेश प्रजापति , बेल्की चौहान , प्रआर मुकेश लोभाना ,आर सुशांत गुर्जर , आर अरूण एवं आर हरिओम कोचले के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# ध्यान हमें कठिनतम परिस्थितियों में सहज व प्रसन्न रहना सिखाता है



सहजयोग ध्यान करने की एक अर्वाचीन पद्धति है। जो आज के तनावग्रस्त जीवन में बहुत कारागर साबित हो रही है। आपको ऐसा लगेगा की योगा, ध्यान आदि बुढापे में करने की चीजें हैं परंतु ऐसा नहीं है, आज बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी तनाव में रहते हैं, कुछ न कुछ समस्याओं से घिरे रहते हैं। ऐसा नहीं है कि सहजयोग सीखने के बाद और इस ध्यान मे पारंगत होने के बाद आपके जीवन में समस्यायें नहीं आयेंगी। समर्थ रामदास महाराज कहते हैं (‘मना त्वाचिरे पूर्वसंचित केले तयासारखे भोगणे प्राप्त झाले’ ) जो कुछ भी शारिरिक या मानसिक भोग हैं वो आपके जीवन में रहेंगे परंतु आप अंदर से इतने शक्तिशाली बन जायेंगे कि उन सभी समास्याओं से प्रभावित न होते हुए आप आसानी से उनसे छूटकर आनंददायी जीवन व्यतीत करने लगेंगें।

आपके जीवन में सकारात्मकता व प्रसन्नता का गुणांक कई गुना बढ़ जाएगा।

सहजयोग ध्यान अत्यंत सहज है। प.पूज्य श्री माताजी कहते हैं कि जो साधक अपने आत्म साक्षात्कार को सच्चे हृदय से चाहेगा उसे तत्क्षण ये प्राप्त हो जाएगा।और इसे प्राप्त करने बाद धीरे-धीरे साधक इस ध्यान की सूक्ष्मताओं को समझकर अपना जीवन सकारात्मक तरीके से बदलने के लिये सदैव प्रयासरत रहता है।

कंठोपनिषद में वर्णित है कि यह मनुष्यरूपी शरीर ग्यारह द्वारोंवाला है और ये शरीर ही उस आत्म रूपी परमेश्वर की नगरी है। वह आनंदस्वरूप परमात्मा सर्वत्र समभाव से सदा परिपूर्ण रहते हुए भी अपनी राजधानी रूपी इस मनुष्य शरीर के हृदयप्रासाद में राजा की भांति विशेष रूप से विराजित रहते हैं। इस रहस्य को समझकर जो मनुष्य इसी जन्म में इस आत्मसाक्षात्कार को पाना चाहते हैं और जो साधक इस शाश्वत सत्य को जानता है वह शोक के कारण रूप संसार बन्धन से छूटकर जन्ममृत्यु के चक्र से सदा के लिये छूट जाता है। यही ब्रम्हसाक्षात्कार है।

वर्तमान में मे इसे पाना सहज हो गया है, बस आपको अपने आत्मसाक्षात्कार की शुद्ध इच्छा कर हर दिन सुबह-शाम १० मिनट इस ध्यान में स्थित होना होता है और आपकी एकाकारिता परमात्मा से होने लगती है और जीवन में सभी प्रकार के समाधान प्राप्त हो जाते हैं। सहजयोग से संबंधित जानकारी टोल फ्री नं 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है।

## TMPV शेयर एक साल के निचले स्तर पर पहुंचा, डीमर्जर का दबाव और नई टाटा सिएरा के बीच निवेशकों की चिंता बढ़ी

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स के डीमर्जर के बाद बाजार में पैदा हुई अस्थिरता अब कंपनी के पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट TMPV के शेयर पर साफ दिखाई दे रही है। टाटा समूह की TMCV यूनिट की लिस्टिंग के बाद TMPV के शेयर में भारी बिकवाली देखी गई, जिसके चलते यह अपने एक साल के निचले स्तर पर जा पहुंचा। डीमर्जर के बाद कंपनी के भविष्य को लेकर निवेशकों में बनी अनिश्चितता, ब्रोकरेज फर्मों द्वारा दी गई कमजोर रेटिंग और दूसरी ओर नई टाटा सिएरा के लॉन्च की चर्चा—इन सभी वजहों से TMPV इस समय सुर्खियों में है। NSE पर TMPV का शेयर मंगलवार को 1.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 352.60 रुपये पर बंद हुआ, जबकि इसका मार्केट कैप लगभग 1.29 लाख करोड़ रुपये रहा। खास बात यह है कि ट्रेडिंग के दौरान शेयर 352 रुपये तक फिसल गया, जो पिछले एक वर्ष का न्यूनतम स्तर है। डीमर्जर के बाद शेयर अपने नए मूल्य स्तर की तलाश में है और बाजार की प्रतिक्रिया स्पष्ट रूप से दबाव में दिखाई दे रही है।

कंपनी ने इस बीच अपनी सबसे अधिक चर्चा वाली नई पीढ़ी की एसयूवी टाटा सिएरा लॉन्च कर दी, जिसने ऑटो सेक्टर और ग्राहकों दोनों का ध्यान खींचा है। दिल्ली में एक्स-शोरूम 11.49 लाख रुपये से शुरू होने वाली यह एसयूवी 1.5-लीटर GDi टर्बो पेट्रोल इंजन के साथ 158 बीएचपी और 255 एनएम का पावर आउटपुट देती है। इसके साथ ही 1.5-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन का विकल्प भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा। चार वेरिएंट, छह रंग और तीन इंजन विकल्पों के साथ लॉन्च हुई सिएरा की बुकिंग 16 दिसंबर से शुरू होगी और डिलीवरी 15 जनवरी 2026 से मिलने की संभावना है। कंपनी को उम्मीद है कि सिएरा का नया मॉडल भविष्य में बिक्री और रेवेन्यू को मजबूती देगा, जिससे TMPV के शेयर में भी सुधार देखने को मिल सकता है।हालांकि, फिलहाल ब्रोकरेज फर्मों की राय इस स्टॉक को लेकर बहुत सकारात्मक नहीं है। जेएम फाइनेंशियल ने 1:1 डीमर्जर के बाद भी बिजनेस में बनी कमजोरियों को देखते हुए TMPV की रेटिंग घटाकर 'कम' कर दी है और 365 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। विश्लेषकों का मानना है कि तीसरी तिमाही में आईसीई सेगमेंट की मार्जिन में सुस्ती रहेगी, लेकिन सिएरा के लॉन्च, बेहतर प्राइसिंग और लागत नियंत्रण के प्रयासों के चलते चौथी तिमाही में सुधार हो सकता है। दूसरी तरफ एमके ग्लोबल ने भी अपनी रेटिंग को खरीद से घटाकर ADD कर दिया है और 400 रुपये का लक्ष्य मूल्य दिया है। Emkay ने भी समान रुख अपनाते हुए TP को 400 रुपये रखा है। इनके अनुसार TMPV ने दूसरी तिमाही में कमजोर प्रदर्शन किया, जहां समेकित राजस्व 14% गिरा और मार्जिन -1.9% पर फिसल गया, खासकर JLR में साइबर हमले से उत्पादन प्रभावित होने के कारण EBITDAM में तेज गिरावट देखने को मिली। चएसबीसी ने भी TMPV के लक्ष्य मूल्य को घटाकर 400 रुपये कर दिया है।

## समुद्र तट नहीं, फिर भी बढ़ेगा एक्सपोर्ट: हरियाणा जैसे लैंडलॉक्ड राज्यों के लिए केंद्र लाएगी खास टारगेटेड स्कीमें



**नई दिल्ली। भारत सरकार अब उन राज्यों के लिए विशेष रणनीति लागू करने जा रही है, जिनके पास समुद्र तट नहीं है लेकिन वे निर्यात के क्षेत्र में बड़ी क्षमता रखते हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को चौथी बोर्ड ऑफ ट्रेड (BoT) बैठक में बताया कि हाल ही में मंजूर किए गए 25,060 करोड़ रुपये के एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन के तहत लैंडलॉक्ड राज्यों—जैसे हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और तेलंगाना—के लिए टारगेटेड स्कीमें शामिल की जाएंगी, ताकि इन राज्यों की निर्यात क्षमता को नई ऊंचाई पर ले जाया जा सके। यह कदम उन राज्यों की खास जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उठाया जा रहा है, जिनके पास समुद्री बंदरगाह नहीं हैं और जिन्हें लॉजिस्टिक्स व इंटरनेशनल कनेक्टिविटी के कारण अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।**

गोयल ने कहा कि निर्यात को गति देने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच एक मजबूत साझीदारी बनाना बेहद जरूरी है, क्योंकि आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रतिस्पर्धा और दक्षता दोनों पर आधारित है। उन्होंने साफ संकेत दिए कि मंत्रालय राज्यों के साथ मिलकर उभरती चुनौतियों की पहचान करेगा और उनका समय पर समाधान खोजेगा, ताकि भारत की एक्सपोर्ट ग्रोथ स्थिर और मजबूत बनी रहे। BoT, जिसे वर्ष 2019 में पुनर्गठित किया गया था, विदेश व्यापार से जुड़ी नीतियों पर एक शीर्ष सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करता है और इस बैठक में मिले इनपुट आने वाले महीनों में निर्यात नीति का आधार बनेंगे। सरकार ने 12 नवंबर को एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन को मंजूरी दी थी, जिसके तहत छह वर्षों में 25,060 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। मिशन को दो हिस्सों में बांटा गया है—निर्यात प्रोत्साहन योजना और निर्यात दिशा योजना। निर्यात प्रोत्साहन के लिए 10,401 करोड़ रुपये और निर्यात दिशा के लिए 14,659 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस मिशन का उद्देश्य भारत के निर्यात ढांचे को आधुनिक बनाना, लॉजिस्टिक्स को हाई-टेक करना, MSME को ग्लोबल मार्केट से जोड़ना और नए बाजारों में भारतीय उत्पादों की पहचान मजबूत करना है।

गोयल ने इस बैठक में जोर दिया कि भारत अब ऐसे नए वैश्विक बाजारों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जहां भारतीय उत्पादों को बड़ी संभावनाएं मिली हैं। इसके साथ ही तकनीक का उपयोग, आपूर्ति श्रृंखला में सुधार, बेहतर लॉजिस्टिक व्यवस्था और MSMEs के लिए विशेष समर्थन को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने राज्यों से आग्रह किया कि वे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, सिंगल विंडो क्लियरेंस और निर्यात से जुड़ी अपनी सर्वश्रेष्ठ नीतियों को एक-दूसरे से साझा करें, ताकि देश का निर्यात तंत्र और अधिक मजबूत हो सके। बैठक में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने यह भी स्पष्ट किया कि मंत्रालय व्यापार से संबंधित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेगा ताकि व्यापारियों, राज्य सरकारों, प्रमोशन काउंसिल्स और अन्य एजेंसियों के बीच समन्वय तेज हो सके। इससे निर्यात से जुड़ी समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी और ग्लोबल व्यापार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धा और बढ़ेगी। बैठक में विभिन्न राज्यों के मंत्री, केंद्र और राज्य के अधिकारी, उद्योग संगठन, एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल और कई अनुभवी निर्यातक शामिल हुए।

वर्तमान समय में वैश्विक व्यापार कई अनिश्चितताओं से गुजर रहा है। अमेरिका के ऊंचे टैरिफ और सोना-चांदी के आयात में उछाल के कारण अक्टूबर में भारत का निर्यात 11.8% गिरकर 34.38 अरब डॉलर पर आ गया, जबकि व्यापार घाटा बढ़कर 41.68 अरब डॉलर हो गया। इसी बीच अप्रैल से अक्टूबर तक का निर्यात मामूली बढ़त दिखाते हुए 254.25 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 6.37% बढ़कर 451.08 अरब डॉलर पहुंच गया। इन परिस्थितियों में सरकार का यह कदम विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह न केवल लैंडलॉक्ड राज्यों की क्षमता बढ़ाएगा बल्कि भारत की कुल निर्यात शक्ति को भी मजबूत करेगा।



श्री गणेशाय नमः

## साप्ताहिक राशिफल

बुधवार 26 नवंबर से 2 दिसंबर 2025 तक



### मेष

मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिले जुले फल देने वाला रहेगा। इस सप्ताह मेष राशि के लोगों को विनम्रता से बात करने का प्रयास करना चाहिए। सप्ताह की शुरुआत में कार्यक्षेत्र में कामकाज को लेकर परेशानी झेलनी पड़ सकती है। इस दौरान सीनियर का समर्थन अपेक्षा के अनुसार नहीं मिल पाएगा। इस सप्ताह मेष राशि के जातकों को अपने पद और प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए अधिक प्रयास और परिश्रम करना पड़ेगा।

### वृषभ

वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही सुखद और अनुकूल रहने वाला है। इस सप्ताह आपके सोचे हुए काम समय पर पूरे होते हुए नजर आएंगे। आप अपने पराक्रम से तमाम कार्यों को सिद्ध करेंगे और आपका घर-परिवार और कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा। इस सप्ताह बेरोजगार लोगों को मनचाहे रोजगार की प्राप्ति होगी। यदि आप नौकरीपेशा व्यक्ति हैं तो आप अपने कार्यक्षेत्र में मिले टारगेट को आसानी से हासिल कर लेंगे।

### मिथुन

मिथुन राशि के जातकों को इस सप्ताह किसी भी कार्य को सावधानी और सूझबूझ के साथ करने की आवश्यकता रहेगी। आपको इस सप्ताह किसी के बहकावे में आकर गलत निर्णय से बचना होगा, अन्यथा बाद में पछताना पड़ सकता है। सप्ताह के पूर्वार्ध का समय छात्र वर्ग के लिए थोड़ा प्रतिकूल रह सकता है। इस दौरान उनका मन पढ़ाई से उचट सकता है। उच्च शिक्षा की दिशा में किए जा रहे प्रयास विफल हो सकते हैं।

### कर्क

कर्क राशि के जातकों को इस सप्ताह किसी भी कार्य में जल्दबाजी करने से बचना चाहिए। इस बात को अच्छी तरह से समझ लें कि अगर आप बगैर सोचे-समझे कोई फैसला लेते हैं तो वह सही नहीं साबित होगा और भविष्य में आपके दुख और बड़ी परेशानी का कारण बनेगा। सप्ताह की शुरुआत में आपको छोटे-छोटे काम के लिए अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। इस दौरान परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य की खराब सेहत आपकी चिंता का कारण बनेगी।

### सिंह

सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ रहने वाला है। इस सप्ताह करियर हो या फिर कारोबार आपकी मेहनत रंग लाएगी। आपको जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में शुभ समाचार मिलते हुए नजर आएंगे। घर-परिवार से लेकर दोस्त-यार तक आपको भरपूर समर्थन और सहयोग देंगे। सप्ताह की शुरुआत में नौकरीपेशा लोगों को मनचाहे स्थान पर तबादले की शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है। यदि आप नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे हैं तो इस सप्ताह आपको कोई अच्छा ऑफर आ सकता है।

### कन्या

कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत इष्ट मित्रों या परिजनों के साथ मौज-मस्ती करते हुए बीतेगी। इस दौरान आप अपने प्रियजनों के साथ किसी पर्यटन स्थल या तीर्थ यात्रा पर निकल सकते हैं। इस दौरान आपकी यात्रा सुखद एवं नए संपर्कों को बढ़ाने वाली साबित होगी। इस सप्ताह विदेश से जुड़े कारोबार करने वालों के लिए समय अत्यंत ही शुभ कहा जाएगा। उन्हें कारोबार में अच्छा लाभ प्राप्त होगा।

### तुला

तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए हुए है। इस सप्ताह आपको करियर और कारोबार में मनचाही सफलता प्राप्त होगी। सप्ताह की शुरुआत में आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट से जुड़कर काम करने का अवसर प्राप्त होगा। सप्ताह की शुरुआत उन लोगों को लिए शुभ समाचार लेकर आएगी जो लंबे समय से किसी नौकरी या काम की तलाश में भटक रहे थे। इस दौरान आपको व्यवसाय में खासा लाभ होगा।

### वृश्चिक

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह काफी आपाधापी भरा रह सकता है। सप्ताह की शुरुआत में घर-परिवार से जुड़ी किसी समस्या का समाधान खोजने के लिए आपको जरा ज्यादा ही भागदौड़ करनी पड़ सकती है। इस दौरान भूमि-भवन से जुड़े विवाद आपकी चिंता का कारण बन सकते हैं। यदि आप नौकरीपेशा व्यक्ति हैं तो आपको कार्यक्षेत्र में अपने विरोधियों से खूब सतर्क रहने की आवश्यकता रहेगी, क्योंकि वे आपके काम में अड़ंगे डालने और आपकी मान-प्रतिष्ठा को हानि पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं।

### धनु

धनु राशि के जातकों को इस सप्ताह सोचे हुए काम को पूरा करने के लिए अधिक परिश्रम और प्रयास करने पड़ सकते हैं। सप्ताह की शुरुआत से ही आपको कामकाज की व्यस्तता बनी रहेगी। ऐसे में आपको अपने समय का प्रबंधन करते हुए योजनाबद्ध तरीके से काम करना उचित रहेगा। इस सप्ताह जहां आप पर आलस्य और थकान हावी रहेगी, वहीं आपके सिर पर कामकाज का अतिरिक्त बोझ आ सकता है। सप्ताह के मध्य में परिस्थितियां और सेहत अनुकूल न होने के कारण आपका मन खिन्न रहेगा।

### मकर

मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायी रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत में आपको करियर-कारोबार के सिलसिले में लंबी दूरी की यात्रा करना पड़ सकता है। यात्रा उम्मीद से कम फलदायी और थकान भरी रहने वाली है। यह सप्ताह परीक्षा-प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे छात्रों के लिए थोड़ा प्रतिकूल रह सकता है। इस सप्ताह आपका मन पढ़ाई से उचट सकता है। इस सप्ताह आपके भीतर एकाग्रता की कमी और आलस्य अधिक रहेगा।

### कुंभ

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा उतार-चढ़ाव लिए रह सकता है। सप्ताह की शुरुआत आर्थिक दृष्टि से अनुकूल नहीं रहेगी। इस दौरान आपके सिर पर अचानक से कुछ एक बड़े खर्चे आ सकती है। इस दौरान धन का सदुपयोग करें तथा जोखिम भरी योजना में निवेश से बचें, अन्यथा आर्थिक दिक्कतें झेलनी पड़ सकती है। सप्ताह की शुरुआत में आपको अचानक लंबी दूरी की यात्रा करनी पड़ सकती है। यात्रा थकान एवं कठिनाई भरी रहने के कारण मन खिन्न रहेगा।

### मीन

मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायी है। यह सप्ताह नौकरीपेशा लोगों के लिए काफी भागदौड़ और कठिन परिश्रम वाला कहा जाएगा। सप्ताह की शुरुआत में आपको कार्यक्षेत्र में मिले टारगेट को पूरा करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। समय विपरीत होने के कारण आपको लक्ष्यों को हासिल करना थोड़ा मुश्किल साबित होगा, लेकिन यदि आप समय और अपनी ऊर्जा का प्रबंधन करके चलते हैं तो चीजें आपके पक्ष में हो सकती हैं।

।।शुभम भवतु।।

# दिसंबर में कब-कब रखा जाएगा एकादशी व्रत, जानें पूजा विधि

एकादशी तिथि सनातन धर्म में काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है। एकादशी तिथि के दिन विधि-विधान के साथ भगवान विष्णु की पूजा की जाती है और उपवास किया जाता है। हर महीने के शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में पड़ने वाली एकादशी पर व्रत रखा जाता है। पंचांग के अनुसार, दिसंबर के महीने में मार्गशीर्ष मास की शुक्ल एकादशी और पौष मास की कृष्ण व शुक्ल एकादशी का व्रत रखा जाएगा। इस साल दिसंबर में 3 एकादशी पड़ रही हैं। आइए जानते हैं दिसंबर महीने की एकादशी की तारीख और पूजा की विधि-



### एकादशी व्रत की पूजा-विधि

- स्नान आदि कर मंदिर की साफ सफाई करें
- भगवान श्री हरि विष्णु का जलाभिषेक करें
- प्रभु का पंचामृत सहित गंगाजल से अभिषेक करें
- अब प्रभु को पीला चंदन और पीले पुष्प अर्पित करें
- मंदिर में घी का दीपक प्रज्वलित करें
- संभव हो तो व्रत रखें और व्रत लेने का संकल्प करें
- एकादशी की व्रत कथा का पाठ करें
- ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करें
- पूरी श्रद्धा के साथ भगवान श्री हरि विष्णु और लक्ष्मी जी की आरती करें
- प्रभु को तुलसी दल सहित भोग लगाएं
- अंत में क्षमा प्रार्थना करें

### दिसंबर में कब-कब रखा जाएगा एकादशी व्रत, जानें तारीख व पूजा विधि

- पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 30 नवंबर को 09:29 पी एम पर होगी और समापन 1 दिसंबर की शाम में 07:01 पी एम पर होगा। उदया तिथि के अनुसार, 1 दिसंबर के दिन मोक्षदा एकादशी का व्रत रखा जाएगा।
- 14 दिसंबर को पौष मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 14 दिसंबर को शाम में 06:49 पी एम पर होगी। तिथि का समापन 15 दिसंबर की रात में 09:19 पी एम पर होगा। उदया तिथि के अनुसार, 15 दिसंबर के दिन सफला एकादशी का व्रत रखा जाएगा।
- 30 दिसंबर को पौष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 30 दिसंबर को सुबह में 07:50 ए एम पर होगी। तिथि का समापन 31 दिसंबर की रात में 05:00 ए एम, पर होगा। उदया तिथि के अनुसार, 30 दिसंबर के दिन पौष पुत्रदा एकादशी का व्रत रखा जाएगा।

# रविवार को भूलकर भी ना खरीदें ये चीजे, सूर्यदेव हो जाते हैं नाराज

हफ्ते के सारे दिन अपने आप में खास होते हैं। सोमवार से लेकर रविवार तक हर एक दिन का संबंध किसी ना किसी खास ग्रह से जरूर होता है। ऐसे में दिन के हिसाब से अगर उपाय किए जाते हैं तो इसका लाभ जल्दी मिलता है। बात की जाए रविवार की तो इस दिन के लिए भी कुछ विशेष नियम होते हैं। हिंदू धर्म में रविवार का दिन सूर्यदेव का माना जाता है। इस दिन सूर्य को अर्घ्य देने से जिंदगी में आने वाली हर बाधा धीरे-धीरे कम हो जाती है। साथ ही सेल्फ कॉन्फिडेंस भी खूब बूस्ट होता है। विधि विधान से भगवान सूर्य की पूजा करने से कुंडली में सूर्य मजबूत होता है। ऐसे में करियर में अच्छी खासी ग्रोथ देखने को मिलती है। इसके अलावा भी रविवार के कुछ ऐसे उपाय हैं, जिससे अच्छे परिणाम मिलते हैं। कहा जाता है कि रविवार के दिन कुछ चीजों को भूलकर भी नहीं खरीदना चाहिए। चलिए, जानते हैं कि आखिर ये चीजें क्या हैं?



### रविवार को ना खरीदें ये चीजें

रविवार के दिन कुछ चीजों को खरीदना बेहद ही अशुभ माना जाता है। इस दिन अगर घर की मरम्मत की चीजें खरीदी जाती हैं तो सूर्य दोष लगने का डर बना रहता है। अगर किसी व्यक्ति को ये दोष लगता है तो उसके धन-धान्य में कमी आती ही आती है। वहीं इस दिन बगीचे के रख-रखाव की चीजों को भूलकर भी नहीं लेना चाहिए। बाकी किसी और दिन इसे खरीदना सही रहता है। वहीं इस दिन लकड़ी का बना हुआ कोई भी सामान लेने से बचना चाहिए। इसे शुभ नहीं माना जाता है। साथ ही लोहे के सामान को भी खरीदने से बचना चाहिए।

### रविवार को करें ये दान

रविवार के दिन विशेष रूप से दान करना भी शुभ होता है। हिंदू धर्म मान्यता के अनुसार रविवार के दिन चावल और गुड़ का दान जरूर करना चाहिए। इसके अलावा इस दिन दूध या किसी भी डेयरी प्रोडक्ट का दान किया जा सकता है। इसके अलावा रविवार के दिन किसी जरूरतमंद को अनाज, फल और कपड़े देना भी पुण्य का काम माना जाता है। ऐसे में इन उपायों को करके भगवान सूर्यदेव को प्रसन्न किया जा सकता है।

## गुंडे बदमाशों में नजर नहीं आ रहा ...

# पुलिस का खौफ



**लगातार ऐसी घटनाओं के चलते उठ रहा सवाल वारदातों ने खड़ा किया बड़ा सवाल—**

**आमजन कैसे सुरक्षित?**

## पुलिस वालों पर ही लगातार हो रहे हमले

रणजीत टाइम्स

इंदौर। शहर में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू होने के बाद माना जा रहा था कि पुलिस की क्षमता और अधिकार बढ़ेंगे, अपराध पर रोक लगेगी और गुंडे-बदमाशों में वर्दी का खौफ दिखाई देगा। लेकिन हालात इसके ठीक उलट नजर आ रहे हैं। अपराधियों की दबंगई बढ़ी है और आम लोगों तक में पुलिस का डर कम होता दिख रहा है। हालात यह हो गए हैं कि गुंडे-बदमाश और रसूखदार इतने बेखौफ हो गए हैं कि वे अब पुलिस वालों से विवाद, मारपीट और हमले करने से भी नहीं चूक रहे हैं। हालांकि पुलिस वालों से विवाद, मारपीट और हमला करने वाले इनन आरोपियों को पुलिस पकड़कर जमकर सबक सिखाती है और कार्रवाई करते हुए जेल की सलाखों के पीछे धकेलती है, लेकिन इस सख्त कार्रवाई के बावजूद पुलिस पर हमले की घटनाओं से सवाल उठ रहा है कि जब हमारे रक्षक ही सुरक्षित नहीं तो आमजन कैसे सुरक्षित रहेंगे।

बीते कुछ महीनों में पुलिसकर्मियों पर होने वाले हमलों के मामले लगातार बढ़े हैं—कभी शराबी हमला करता है, कभी बदमाश पुलिस को रोककर पीट देते हैं। कई रसूखदारों के संरक्षण के चलते पुलिस कार्रवाई प्रभावित होने के आरोप भी सामने आते हैं। रोजमर्रा की चैकिंग हो या कानून व्यवस्था की ड्यूटी—पुलिस अब अक्सर खुद ही असुरक्षित महसूस कर रही है।

### ट्रैफिक पुलिस सबसे ज्यादा निशाने पर

वाहन चालकों का एक बड़ा वर्ग ट्रैफिक नियमों को गंभीरता से नहीं ले रहा। शहर के ट्रैफिक सिग्नलों और चौराहों पर चेकिंग के दौरान अक्सर पुलिस से उलझने, धमकाने और मारपीट करने के मामले देखने को मिल रहे हैं। शराबी हों या रसूखदार, पुलिस के रोकते ही दादागीरी शुरू कर देते हैं। कई बार तो वाहन चालक बिना रुके पुलिसकर्मियों को धक्का देते हुए तेज रफ्तार में निकल जाते हैं।



### रौब झाड़कर दबाव का प्रयास

ट्रैफिक पुलिस के लिए स्थिति सबसे कठिन होती जा रही है। बिना हेलमेट या कागजों के वाहन रोकने पर लोग नेता-भैया के फोन का रौब झाड़कर दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। कई बार पुलिसकर्मियों को घायल करने तक की नौबत आ जाती है।

### सड़क पर होता है तमाशा, धमकाकर निकल जाते हैं लोग

शहर में कई इलाकों में पुलिस से दुर्व्यवहार या नियम तोड़कर भाग जाने की घटनाएं आम हो चुकी हैं। विजयनगर में कुछ समय पहले शराब की जांच कर रही टीम से बदमाश ब्रीथ एनालाइजर मशीन छीनकर भाग निकले। रीगल तिराहा, अन्नपूर्णा, पलासिया, खजराना, सदरबाजार सहित कई क्षेत्रों में चैकिंग के दौरान पुलिस को धमकाने की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं।

### गाड़ी हटाने का कहते ही उलझते हैं

बिना रजिस्ट्रेशन वाले ई-रिक्शा और निजी बस संचालक सड़क पर कहीं भी गाड़ी रोक लेते हैं, और हटाने के लिए कहने पर पुलिस से उलझ पड़ते हैं। हालत यह है कि कई बार पुलिस मौके पर असहाय दिखती है, जबकि कानून हाथ में लेने वाले खुलकर चुनौती देते नजर आते हैं।

### पुलिस के अधिकार कौन देखे?

कानून विशेषज्ञों का कहना है कि पुलिस की थोड़ी सी सख्ती पर मानवाधिकार उल्लंघन का मुद्दा तुरंत उछल जाता है। रसूखदारों के संरक्षण में पलने वाले कई अपराधी गिरफ्तारी के बाद खुलेआम धमकियां देते हैं, उनके समर्थन में भीड़ थाने घेर लेती है। लेकिन जब पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट होती है—चाहे उनकी वर्दी फाड़ी जाए या उन्हें बंधक बनाया जाए—तब मानवाधिकार की बात करने वाले संगठन चुप दिखाई देते हैं। यही वजह है कि पुलिसकर्मी अक्सर खुद को असहाय महसूस करते हैं और अपराधियों में खौफ पैदा नहीं हो पाता।

## वर्दी का सम्मान नहीं, बल्कि चुनौती

**इंदौर शहर में हाल के महीनों में कई ऐसी घटनाएं सामने आईं, जिन्होंने यह साबित कर दिया कि अपराधियों में वर्दी को लेकर अब सम्मान नहीं, बल्कि चुनौती देने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। कुछ प्रमुख घटनाएं—**

1. **लिफ्ट नहीं दी तो कांस्टेबल को घेरकर मारपीट (नवंबर 2025)-** चंद्रावतीगंज थाने में पदस्थ कांस्टेबल हरीश शर्मा कार से सांवेर क्षेत्र से गुजर रहे थे। एक संदिग्ध युवक ने उनसे लिफ्ट मांगी। मना करने पर युवक ने साथियों के साथ मिलकर कांस्टेबल की कार रुकवाई और उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। चार आरोपियों पर केस दर्ज किया गया।
2. **नखेरी डैम पर शराब पीने वालों का हमला (अक्टूबर 2025)-** नखेरी डैम पर हेड कांस्टेबल जितेंद्र चौहान जब कोटवारों के साथ शराबखोरी रोकने पहुंचे, तो आरोपियों ने पुलिसकर्मी व दो कोटवारों पर हमला कर दिया और भाग निकले। बडगोंदा पुलिस ने अपराध दर्ज किया।
3. **तेज डीजे बंद करवाने गए तो पीटा (जुलाई 2025)-** द्वारकापुरी में तेज डीजे बंद करवाने पहुंचे हेड कांस्टेबल मुन्नालाल चौहान पर स्थानीय बदमाशों ने हमला कर दिया। बाद में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।
4. **गाड़ी निकालने के विवाद में ग्रामीण आईजी के ड्राइवर को पीटा (20 फरवरी 2025)-** राजेंद्र नगर में तीन युवकों ने आईजी कार्यालय के ड्राइवर करण डागर को गाड़ी निकालने की बात पर रोका, झूमाझटकी की और मारपीट कर कार की चाबी भी छीन ली।
5. **सब इंस्पेक्टर को बंधक बनाकर पीटा (2 फरवरी 2025)-** बाणगंगा इलाके में एक सब इंस्पेक्टर को चार लोगों ने बंधक बनाकर रखा उसके साथ मारपीट की,सब इंस्पेक्टर इनके सामने लाचार नजर आ रहा था। लवकुश चौराहे पर ड्यूटी के दौरान सब इंस्पेक्टर तारेश्वर एक्का के साथ हुई वारदात में बाणगंगा पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। दो आरोपियों विकास डाबी और रवि राठौर को गिरफ्तार भी कर लिया। विकास डाबी उपजेल का प्रहरी है,उसे सस्पेंड भी कर दिया गया था।
6. **चाकू पकड़े नाबालिग को रोका तो परिवार ने पुलिसकर्मी को पीटा (3 फरवरी 2025)-** स्कीम 140 में चाकू लेकर हंगामा कर रहे नाबालिग को पकड़ने पहुंचे पुलिसकर्मी बलवीर को नाबालिग की मां और बहनों ने ही पीट दिया। तिलकनगर थाने ने प्रकरण दर्ज किया।
7. **नशे में धुत कार सवारों ने पुलिस से मारपीट की (22 दिसंबर 2024)-** कनाड़िया में पुलिसकर्मी सोनू गुर्जर ने शराब पीकर कार चलाने वालों को रोका तो कार सवारों ने उन पर हमला कर उनकी कार छीनने की कोशिश तक की।
8. **नशेड़ी युवक ने सरे बाजार सब इंस्पेक्टर की वर्दी फाड़ दी (11 सितंबर 2024)-** नगर निगम चौराहे पर हंगामा कर रहे युवक को समझाने गए एसआई नाथूराम पर ही आरोपी टूट पड़ा, मारपीट कर उनकी वर्दी तक फाड़ दी।

**इन सभी घटनाओं ने पुलिस प्रशासन को कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर कर दिया है, परंतु घटनाओं की आवृत्ति बताती है कि समस्या गहरी है।**

## नई तकनीक से मिल रहा है सहारा, अब कोई बचेगा नहीं

एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया के अनुसारपुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार के हर मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया जाता है। शहर अब हाईटेक निगरानी प्रणाली से जुड़ चुका है। सीसीटीवी कैमरों, लोकेशन ट्रैकिंग और डिजिटल एविडेंस की मदद से अपराधी कहीं भी छिपे हों, पकड़े ही जाते हैं। ऐसे आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई होती है। किसी भी हमले को हल्के में नहीं लिया जा रहा। आरोपी जल्द पकड़े जा रहे हैं और सख्त धाराएं लगाई जा रही हैं।

# दक्षिण दिशा में रखें बच्चों का स्टडी टेबल

पढ़ाई में ध्यान लगने के लिए जरुरी है इसमें इस्तेमाल होने वाली चीजों को सही जगह पर रखा जाए। जैसे वास्तु शास्त्र में घर की हर चीज को रखने के कुछ नियम बताए गए हैं,वैसे ही इस शास्त्र में स्टडी टेबल को रखने की एक दिशा बताई गई है। मान्यताओं के अनुसार, यदि घर में स्टडी टेबल सही जगह न रखा जाए तो बच्चे का पढ़ाई में मन नहीं लगता। वास्तु शास्त्र के अनुसार, बच्चों के स्टडी रुम कुछ बातों का ध्यान रखना जरुरी है। आइए जानते हैं इनके बारे में।



### दक्षिण दिशा में रखें स्टडी टेबल

बच्चों के रुम में स्टडी टेबल हमेशा दक्षिण दिशा में रखना चाहिए। इसके अलावा पढ़ाई करते हुए बच्चों का मुंह उत्तर, पूर्व और उत्तर-पूर्व दिशा में होना सही माना जाता है। इन दिशाओं की ओर मुंह करने से पॉजिटिव एनर्जी मिलती है और स्मरण शक्ति बढ़ती है।

### गणेश जी की तस्वीर

स्टडी रुम में गणेश जी की तस्वीर लगानी भी अच्छी मानी जाती है। गणेश जी की रोज पूजा करने से बच्चों की बुद्धि तेज होती है और उनकी याददाशत भी बढ़ती है

### इस दिशा में हो किताबों की अलमारी

बच्चों के स्टडी रुम में किताबों की अलमारी पूर्व या फिर उत्तर दिशा में होनी चाहिए। इसके अलाव नियमित तौर पर इसकी साफ-सफाई होनी चाहिए।

### ब्रह्मदेव का चित्र या पेंटिंग

यदि आपके बच्चों को कुछ विषय समझने में परेशानी आती है,तो स्टडी रुम की उत्तर दिशा में ब्रह्मदेव का चित्र या फिर पेंटिंग लगाएं।इससे उन्हें विषयों को समझने में आसानी होगी और सहायता भी मिलेगी।

### मां सरस्वती की तस्वीर

बच्चों के स्टडी रुम में हमेशा पॉजिटिव तस्वीरें लगाएं। उनके कमरे में आप चाहें तो महान व्यक्तियों की तस्वीर लगाएं। कमरे के पूर्व दिशा में सरस्वती की तस्वीर लगा सकती है।

### बाथरुम के पास न बनवाएं स्टडी रुम

स्टडी रुम कभी भी बाथरुम के पास न बनवाएं क्योंकि इससे बाथरुम से आने वाली नेगेटिव एनर्जी बच्चों को मन भटकाएगी। इसके अलावा स्टडी रुम हमेशा साफ-सुथरा रखना चाहिए। इससे बच्चों का मन एकाग्र और पॉजिटिव एनर्जी मिलती है।

# नाखून काटने का सही दिन

**घर के बड़े- बुजुर्ग नाखून काटने को लेकर कई सारे नियम बताते हैं। यहां तक की शाम को नाखून काटना अशुभ भी बताते हैं। आज के जमाने में लोग जहां इसे अंधविश्वास मानते हैं, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। वास्तु शास्त्र के नियमों के मुताबिक नाखून काटने का भी सही दिन और समय होता है....**



### इन दिनों में न काटे नाखून

हफ्ते में गुरुवार, शनिवार और मंगलवार के दिन भूलकर भी नाखून नहीं काटने चाहिए, वरना मंगल, गुरु और शनि ग्रह अशुभ फल देने लगते हैं। इससे व्यक्ति को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### इन दिन काटें नाखून

सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार का दिन नाखून काटने के लिए उचित माना गया है। इन दिनों में नाखून काटने का कोई अशुभ फल नहीं मिलता है। नाखून काटने के लिए रविवार को सबसे शुभ दिन माना गया है। इस दिन नाखून काटने से गरीबी दूर होती है। व्यक्ति को कभी पैसे की कमी नहीं होती है। जीवन में सकारात्मकता बनी रहती है।

### हो सकता है आर्थिक नुकसान

नाखून हमेशा दिन के समय ही काटने चाहिए। वास्तु शास्त्र के नियमों के हिसाब से सूर्यास्त के बाद रात के समय भी नाखून काटना सही नहीं होता है। ऐसा करने से मां लक्ष्मी नाराज हो जाती है और आर्थिक हानि भी हो सकती है।

### इन दिनों का भी रखें ध्यान

चतुर्दशी और अमावस्या तिथि पर नाखून काटना निषेध है। चतुर्दशी और अमावस्या के दिन नाखून या बाल काटने से कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ती है।

### नाखूनों का संबंध से शनि से

ज्योतिष शास्त्र की मानें तो बाल और नाखूनों का संबंध शनि से है। अगर सही ढंग से इनका ख्याल न रखा जाए तो शनि देव नाराज हो जाते हैं और आपको उनका प्रकोप झेलना पड़ सकता है। नाखून और बालों को साफ न रखा जाए तो व्यक्ति को गरीबी झेलनी पड़ सकती है।

# आंखों का मेकअप टिप्स

*चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने में आंखों का अहम रोल होता है। अगर आपकी आंखें बड़ी होंगी तो खूबसूरती में चार- चांद लग जाएंगे, लेकिन कई महिलाओं की तो आंखों की बनावट छोटी है, तो ऐसे में क्या करें? आपको निराश होने की जरूरत नहीं है, आप आसान सी मेकअप ट्रिक के जरिए अपनी आंखों को बड़ा और सुंदर बना सकती हैं। बस इसके लिए आपको जरूरत है सही तरीके से मेकअप करने की। आइए आपको बताते हैं इसके बारे में...*



### कंसीलर से छिपाएं डार्क सर्कल्स

सबसे पहले आंखों के अंडर आई पर कंसीलर लगाएं। इससे आपकी आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स छिप जाएंगे। अपनी स्किन टोन से मिलता हुआ अच्छी क्वालिटी का अंडर आई कंसीलर लगाएं।

### पलकों को करें हाईलाइट

अब अपनी पलकों को हाईलाइट करें। इसके लिए मस्कारे का इस्तेमाल करें और पलकों को कलर करें। इस बात का ख्याल रखें कि मस्कारा कहीं इकट्ठा न हो पाए वरना ये आपका लुक बिगाड़ भी सकता है।

### सफेद या न्यूड आईलाइनर का करें इस्तेमाल

महिलाएं आंखों को आकर्षण दिखाने के लिए काजल का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि काजल स्मज हो जाता है और आंखों के चारों ओर फैलकर उन्हें छोटा दिखाती है। इसके अलावा काजल स्मज होने से डार्क सर्कल भी ज्यादा नजर आने लगते हैं। इसलिए आप काजल की जगह पर लोअर वॉटरलाइन पर एक सफेद या न्यूड आईलाइनर का इस्तेमाल करें। इससे आपकी आंखें उभरी हुई लगेंगी।

### ऐसे करें आइलाइनर अप्लाई

इसके बाद आईलाइनर का आंखों के बाहरी कोने पर ऊपर की ओर आइलाइनर का फ्लिक करें। फ्लिक जरूरत के हिसाब से छोटा या लंबा कर सकती हैं।

### आखिर में आंखों को करें हाईलाइट

हाईलाइटर सच में एक जादुई मेकअप प्रोडक्ट है, जो आंखों के लुक को पूरी तरह से बदल देता है। आईब्रो बोन पर, पलकों के सेंटर पर और आंखों के इनर कॉर्नर पर हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। इससे आपको अपनी आंखों की लुक में बदलाव नजर आएगा। आंखें बड़ी और खूबसूरत लगेंगी।

# रसोई का काम आसान करेंगे ये उपाय

**साधारण से खाने को नया स्वाद कैसे देना है और उसकी रंगत कैसे बढ़ानी है जब सब चीजें तड़के पर निर्भर करती हैं। साधारण दाल हो या फिर रायता इसमें तड़का डालने से स्वाद बदल जाता है। इसके अलावा भी खाने को स्वादिष्ट और कुछ आसान हैक्स के साथ आप अलग तरीके से खास बना सकते हैं। तो चलिए आज आपको कुछ ऐसे ही तरीके बताते हैं जो खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ आपकी रसोई का काम भी आसान करेंगे...**

### दाल बनेगी स्वाद

यदि आप सिर्फ जीरा का तड़का दाल में लगाती हैं,तो दाल में बारीक कटा हरा धनिया और थोड़ा सा घी डालें। इससे दाल का स्वाद भी बढ़ेगा और रंगत भी अच्छी हो जाएगी। इसके अलावा दाल का स्वाद बढ़ाने के लिए आप इसमें जीरा, राई, प्याज और करी पत्ते का तड़का लगा सकती हैं।



### रायता भी बनेगा स्वाद

रायता को यदि आप स्वादिष्ट बनाना चाहती हैं,तो इसमें साबुत जीरा और हींग का तड़का लगाएं। रायते में पुदीने का पाउडर डालने से भी इसका स्वाद बढ़ता है।

### मसूर या अरहर की दाल बनेगी अच्छी

मसूर या फिर अरहर की दाल को आप 3-4 मिनट तक धीमी आंच पर भूनें। इसके बाद इसे किसी एयरटाइट डिब्बे में रखें जब भी दाल बनानी हो इसे कुछ देर के लिए पानी में भिगोएं। इसके बाद दाल को सामान्य रुप से पका लें। इससे दाल टेस्टी बनेगी।



### साबूदाने की टिक्की

आप साबूदाने की टिक्की जब भी बनाए तो उसमें एक ब्रेड का टुकड़ा मिला दें। इससे टिक्की बिल्कुल भी नहीं फटती।

### बेसन का चीला

बेसन का चीला यदि आप नर्म बनाना चाहती हैं,तो इसमें थोड़ा सा ताजा दही मिला दें। इससे यह टेस्टी बनेगा।

### पूरी बनेगी नरम

पूरा का आटा गूंथते समय इसमें थोड़ा सा दूध मिला दें। इसके बाद गर्म पानी में आटा गूंथे। इससे पूरी नरम बनेगी।

### खीर बनेगी टेस्टी

खीर बनाने से पहले चावल को एक घंटे के लिए भिगोकर रख दें। इसके बाद 10-15 मिनट के लिए फैलाकर सुखाएं। इस चावल को बेलन से क्रश करें। इसके बाद चावल से खीर बनाएं यह और भी ज्यादा टेस्टी बनेगी।



# वेट लॉस के लिए नुस्खे



**वेट लॉस के लिए लोग तरह-तरह के नुस्खे और उपाय अपनाते हैं, लेकिन एक्सरसाइज और फिजिकल वर्क का कोई विकल्प नहीं है। अगर आप चाहते हैं कि तेजी से वेट लॉस हो,तो फिजिकल वर्क बेहद जरूरी है। जिम जाने का टाइम नहीं मिलता या ऑफिस के काम से पूरा दिन खत्म हो जाता है। तो घर के इन कामों को डेली रूटीन में शामिल करें। जल्दी ही वजन कम होना शुरू हो जाएगा।**

**कपड़े धोना** :- कपड़े धोने के लिए अगर आप मशीन की जगह हाथों का इस्तेमाल करेंगे। तो कंधे और हाथों की अलग से एक्सरसाइज करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कपड़े धोने के दौरान हाथों की अच्छी खासी एक्सरसाइज हो जाती है। जो जिम में अलग से समय बर्बाद होने से भी बचाएगी और हाथों को स्लिम बनाएगी।

**पोछा लगाना** :- पूरे घर में बैठकर और झुककर पोछा लगाना बेस्ट एक्सरसाइज है। अगर आपके पास जिम जाने का टाइम नहीं है। तो हर रोज बैठकर चलें और पूरे घर में पोछा लगाएं। इसमे पैरों को मोड़कर बैठना पड़ता है। जिससे पेट पर भी दबाव बढ़ता है और मसल्स में टेंशन बढ़ती है। जिससे बेली फैट को घटाने में मदद मिलती है।

**घर की डस्टिंग** :- अगर आप पूरे घर की डस्टिंग करती है और साफ-सफाई का काम करती है। तो इससे कंप्लीट फिजिकल वर्कआउट हो जाता है। साथ ही अलग से टाइम निकालकर जिम जाने या एक्सरसाइज करने की जरूरत नहीं पड़ती है।

**सीढ़ियां चढ़ना** :- कपड़े सुखाने, फैलाने के लिए अगर आप दिनभर में दो से तीन बार सीढ़ियां चढ़कर जाते हैं और उतरते हैं। तो ये पैरों के साथ ही पूरी बॉडी की कंप्लीट एक्सरसाइज है। जिसे करने से आपको अलग से टाइम निकालकर जिम जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। केवल घर के कामों को करने में ही शरीर आसानी से स्लिम हो जाएगा और बेली फैट छूमंतर हो जाएगा।

## वंदेमातरम् बोलूंगा

मैं भगत, मैं आजाद, मैं शिवा, मैं वीर, का वंशज हूँ।
मातृभूमि के लिए प्राण दिए हैं उनको कैसे भूलूंगा।
जगा हिन्दू, जगा राष्ट है। वंदेमातरम् बोलूंगा।
मातृभूमि का वंदन कैसे भूलूंगा।
वंदेमातरम् बोलूंगा वंदेमातरम् बोलूंगा।

ओमप्रकाश चौरे 'भृगु'

## बिना हेलमेट 284 वाहन चालकों पर कार्यवाही

**इंदौर।** सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोटों से होने वाली मौतों को रोकने तथा नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध निरंतर जागरूकता एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। रविवार को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कुल 284 दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चालान कार्रवाई की गई। इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि अपने तथा अपने परिवार की सुरक्षा हेतु हेलमेट का सदैव उपयोग करें, क्योंकि सड़क पर सुरक्षा ही सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

## इंदौर में ट्रैफिक पुलिस का हेलमेट जागरूकता एवं वितरण अभियान जारी

**इंदौर।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए इंदौर पुलिस का हेलमेट जागरूकता एवं वितरण कार्यक्रम लगातार जारी है। पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में शहरभर में नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) आर.के. सिंह एवं पुलिस उपायुक्त (यातायात/जोन-4) आनंद कलादगी के मार्गदर्शन में मंगलवार को व्हाइट चर्च चौराहा पर वृहद हेलमेट जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस कमिश्नर स्वयं मौजूद रहे। पुलिस कमिश्नर ने ऐसे दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए, जिनके पास वाहन से संबंधित सभी दस्तावेज पूर्ण थे। वहीं, कुछ वाहन चालकों को नियमों का उल्लंघन करने पर पहले चालान किया गया और बाद में सड़क सुरक्षा का महत्व समझाते हुए उन्हें भी हेलमेट प्रदान किया गया। अभियान में कई जिम्मेदार वाहन चालक स्वेच्छा से हेलमेट लगाकर आए। पुलिस अधिकारियों ने ऐसे चालकों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मान स्वरूप उपहार भी दिए। युवक-युवती, वरिष्ठ नागरिक, पत्रकार साथियों और जरूरतमंद वाहन चालकों सहित कई लोगों को भी निःशुल्क हेलमेट बांटे गए।



**सुरक्षा के लिए जागरूकता सबसे ज़रूरी-** पुलिस कमिश्नर ने वाहन चालकों से अपील की कि सुरक्षित यातायात व्यवस्था तभी संभव है जब लोग स्वयं यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि शहर में सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन को जागरूक करने के लिए लगातार नए-नए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने जिम्मेदार नागरिकों से इस अभियान को आगे बढ़ाने और दूसरों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने की बात कही। वाहन चालकों ने भी संकल्प लिया कि वे न केवल खुद नियमों का पालन करेंगे बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। अभियान में अंकुर रिहैब सेंटर के डायरेक्टर डॉ. अंकुर अग्रवाल व उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, निरीक्षकगण, ट्रैफिक पुलिस स्टाफ, ट्रैफिक प्रहरी तथा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# निमाड़ उत्सव के अंतिम दिन काठी, गणगौर और कथक नृत्य की हुई मनमोहक प्रस्तुति

## राष्ट्रीय कवियों ने बांधा कवि सम्मेलन में समा





**प्रेमचंद गुप्ता**

महेश्वर। महेश्वर के देवी अहिल्या घाट पर चल रहे तीन दिवसीय निमाड़ उत्सव के अंतिम दिन सोमवार को विधायक राजकुमार मेव के मुख्य आतिथ्य में निमाड़ी कलाकारों द्वारा काठी, गणगौर और कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी ।रामदास साकल्ले और समूह ने काठी नृत्य के माध्यम से शिवपार्वती आराधना की आकर्षक प्रस्तुति दी। अनुजा जोशी और समूह ने निमाड़ के प्रसिद्ध लोकनृत्य गणगौर की विविध विधाओं की प्रस्तुति दी। दर्शकों ने इन प्रस्तुतियों के माध्यम से अद्भुत निमाड़ी संस्कृति के दर्शन का आनंद लिया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्रीमती गौरी देशमुख व समूह की नर्मदाष्टकम् और श्रीकृष्ण कथक की प्रस्तुति को उपस्थित कलाप्रेमियों ने खूब सराहा, जिसमें मां नर्मदा की स्तुति और श्रीकृष्ण की लीलाओं का कलात्मक चित्रण किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रकवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसका संचालन बुद्धिप्रकाश दाधीच ने किया। विधायक श्री मेव ने निमाड़ उत्सव की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुंबई के सुदीप भोला, इंदौर की डॉ भुवन मोहिनी, भोपाल के राम भदावर ओज, खरगोन के डॉ शंभूसिंह मनहर और महेश्वर के नरेंद्र श्रीवास्तव अटल की हास्य-व्यंग्य, देशप्रेम और वीर रस से ओतप्रोत कविताओं का श्रोताओं ने करतल-ध्वनि के साथ आनंद लिया। कवि सम्मेलन में श्रोताओं में पुरुषों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भागीदारी की।



निमाड़ उत्सव के सफल आयोजन के लिए विधायक श्री मेव ने संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन, जिला प्रशासन, कलाकारों, प्रतिभागियों और नागरिकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि निमाड़ उत्सव के इस संस्करण ने कलाप्रेमियों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, समाजसेवी शम्मी आमगा,राजा दादू,एसडीएम पूर्वा मंडलोई, नोडल अधिकारी नीरज अमझरे सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

**जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना**

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# सोना-चांदी में जबरदस्त उछाल, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी तेजी, 2026 तक 1.59 लाख पार कर सकता है सोना

नई दिल्ली। सोना और चांदी की कीमतों में एक बार फिर भारी उछाल दर्ज किया गया है, जिससे घरेलू निवेशकों से लेकर अंतरराष्ट्रीय बाजार तक हलचल बढ़ गई है। बीते कुछ दिनों से जिस तेजी का अनुमान लगाया जा रहा था, अब वह हकीकत में दिखाई देने लगी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार यानी कॉमेक्स पर गोल्ड में 1.00% की तेज बढ़त दर्ज हुई, जिसके बाद इसकी कीमत 4135 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गई, जो भारतीय मुद्रा में लगभग 3,68,831 रुपए के बराबर है। दूसरी ओर चांदी में भी 1.59% की मजबूत उछाल देखी गई और इसकी कीमत 51.12 डॉलर प्रति औंस यानी करीब 4,560 रुपए के स्तर तक पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर की यह तेजी सीधे-सीधे भारतीय बाजार पर भी देखने को मिली और देश के दोनों प्रमुख बाजार MCX और IBJA में सोना-चांदी की कीमतें तेजी से ऊपर चढ़ गईं।

घरेलू बाजार की बात करें तो मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) पर सोना 1200 रुपए उछलकर 1,25,090 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। ट्रेडिंग में इसने 1,25,521 रुपए का हाई लेवल छुआ, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,23,854 रुपए पर बंद हुआ था। चांदी भी जोरदार उछाल के साथ चमकी और MCX पर 2000 रुपए बढ़कर 1,56,482 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गई। ट्रेडिंग के दौरान चांदी का उच्चतम स्तर 1,57,440 रुपए रहा, जो यह दर्शाता है कि निवेशकों का रुझान तेजी की ओर बना हुआ है। पिछले कारोबारी दिन यह 1,54,482 रुपए पर बंद हुई थी, यानी एक ही दिन में इसमें 2000 रुपए से अधिक की उछाल देखी गई। इसी तरह IBJA (इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन) पर सोने की कीमतों में 2000 रुपए और चांदी में 3200 रुपए से अधिक की तेजी दर्ज की गई, जिसने देश भर के ज्वैलर्स और निवेशकों को नई उम्मीद दी है।

सबसे बड़ी बात यह है कि इस तेजी के बीच बैंक ऑफ अमेरिका ने सोने के भविष्य को लेकर बड़ा दावा किया है। बैंक का अनुमान है कि आने वाले सालों में सोना लगातार मजबूत होता जाएगा और 2026 तक इसकी कीमत 1.59 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार जा सकती है। यह अनुमान ऐसे समय में आया है जब वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां लगातार अस्थिर हो रही हैं, मुद्रास्फीति बढ़ रही है और दुनिया भर के निवेशक सुरक्षित निवेश साधनों की ओर रुख कर रहे हैं। सोना हमेशा से आर्थिक अनिश्चितता में सुरक्षित निवेश माना जाता है और मौजूदा हालात में इसके दामों में तेजी लंबे समय तक कायम रह सकती है। यही कारण है कि एक्सपर्ट्स भी निवेशकों को सलाह दे रहे हैं कि यह समय सोना खरीदने का सही अवसर है, क्योंकि आने वाले महीनों में इसकी कीमतों में और ज्यादा उछाल देखने को मिल सकता है।

चांदी की बात करें तो औद्योगिक मांग और निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी के कारण इसमें भी तेज उछाल दर्ज हो रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर पैनल, ऑटोमोबाइल और मेडिकल उपकरणों में चांदी का इस्तेमाल बढ़ने से इसकी मांग लगातार बढ़ रही है।

# डेयरी विकास के साथ दुग्ध उत्पादन को बढ़ाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

रणजीत टाइम्स

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में गोपालन को बढ़ावा देने के कार्य निरंतर संचालित किए जाएं। दुग्ध सहकारी समितियों की संख्या में निरंतर वृद्धि होना चाहिए। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन दोगुना करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पशुपालन और डेयरी विभाग सभी कार्य सुनिश्चित करें। गत दो वर्ष में डेयरी विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां भी अर्जित हुई हैं। इन्हें निरंतर कायम रखा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी श्री उमाकांत उमराव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में एक वर्ष में करीब 1000 नई दुग्ध सहकारी समितियां गठित की गई हैं। साथ ही 585 निष्क्रिय समितियों को गतिशील बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पशु चिकित्सा एक महत्वपूर्ण आयाम है, इसकी अवहेलना नहीं होना चाहिए। पशु चिकित्सा सेवाओं का विस्तार आवश्यक है। राज्य के पशुधन के मान से चिकित्सक और सेवा भावी स्टॉफ की व्यवस्था से युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में वर्तमान में कार्यरत पशु चिकित्सालयों और पशु औषधालयों की जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि प्रदेश में 1065 पशु चिकित्सालय स्थापित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिक्त पदों की पूर्ति शीघ्र करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि लोकसेवा आयोग द्वारा शीघ्र ही 200 पशु चिकित्सकों के चयन की कार्यवाही पूर्ण की जा रही है। इसी तरह कर्मचारी चयन मंडल ने 500 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के पदों की पूर्ति के लिए परिणाम घोषित किए हैं। इनकी पदस्थापना भी शीघ्र हो जाएगी। आगामी वर्ष 735 पशु चिकित्सालय स्थापित करने की प्रक्रिया भी संचालित है। बताया गया कि प्रदेश में गौशालाओं को प्रति गाय 20 रुपए के स्थान पर 40 रुपए राशि दी जा रही है। प्रदेश में दुग्ध संघों द्वारा पशुपालकों से खरीदे गए दूध पर प्रति लीटर ढाई रुपए से लेकर साढ़े आठ रुपए तक वृद्धि की गई है। दुग्ध उत्पादकों को दूध के मूल्य के नियमित और समय पर भुगतान के लिए समय- सीमा निर्धारित की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि गाय के दूध से निर्मित घी, गौ काष्ठ और गौ मूत्र जैसे पदार्थों के विक्रय की बेहतर व्यवस्था बनाई जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि गत 13 अप्रैल 2025 को मध्यप्रदेश शासन, एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन, संबंद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच सहकार्यता अनुबंध हुआ है। इसके परिपालन में दुग्ध संघों में मैनेजमेंट कमेटी का गठन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित स्टीयरिंग कमेटी में डेयरी डेवलपमेंट प्लान शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन उद्यमिता विकास कार्यक्रम में मध्यप्रदेश तृतीय स्थान पर रहा है। इसी तरह पशुपालन से जुड़े किसानों को क्रेडिट कार्ड प्रदान करने के कार्य में भी मध्यप्रदेश देश में तृतीय स्थान पर है। बैठक में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, चलित पशु चिकित्सा इकाइयों के दायित्वों, आर्चा विद्यासागर गौ संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना, टीकाकरण कार्य, हिरण्यगर्भा अभियान, दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान, क्षीर धारा ग्राम योजना स्वावलंबी योजना और कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता पुरस्कार योजना के संबंध में चर्चा हुई।



## एक दिसम्बर को प्रदेश में होगा गीता जयंती का भव्य आयोजन : मुख्यमंत्री यादव

रणजीत टाइम्स

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्री परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा श्रम कानून के संबंध में लिए गए फैसले के लिए मंत्रि-परिषद की ओर से उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग व्यापार के लिए यह अद्भुत कला है, श्रम से संबंधित 44 कानून की बजाय केवल 4 कानून की व्यवस्था से उद्योग व्यापार जगत को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खजुराहो में 8 और 9 दिसंबर को विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी?। इसमें विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों, नवाचारों, आगामी वर्षों के प्रमुख लक्ष्यों, चुनौतियों और कार्य योजनाओं पर चर्चा होगी।

इसके साथ ही 9 दिसंबर को मंत्री परिषद की बैठक खजुराहो में होगी। यह गतिविधि केन बेतवा लिंक परियोजना और बुंदेलखंड के विकास को समर्पित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में जन्मी मादा चीता ÷मुखी÷ द्वारा 5 शावकों को जन्म देना बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा और प्रदेश में औद्योगिक तथा निवेश गतिविधियों के विस्तार के लिए हैदराबाद में हुए रोड-शो की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने एक दिसंबर से आरंभ होने वाले गीता जयंती समारोह के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विगत वर्ष की भांति एक दिसम्बर को गीता जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। कुरूक्षेत्र में 24 नवम्बर से एक दिसम्बर की अवधि में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में मध्यप्रदेश द्वारा भाग लिया जा रहा है।

इसमें जय श्रीकृष्णा नृत्य नाट्य, श्री कृष्ण लीला, कृष्णायन, जनजातीय एवं लोकनृत्य, चित्र प्रदर्शनी इत्यादि विभिन्न कार्यक्रम होगें। प्रदेश के 313 विकासखण्डों, 55 जिला मुख्यालय एवं 10 संभागों में श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्यों की सन्निधि में 3 लाख गीता प्रेमी श्रीमद् भागवत गीता के 15 वें अध्याय के श्लोक का सस्वर पाठ करेंगे। प्रदेश में एजीआई ग्रीनपैक कम्पनी द्वारा पैकेजिंग इंजीनियरिंग सेक्टर में 1500 करोड़ रुपये, एक्सिस एनर्जी वेंचर्स इंडिया कम्पनी द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा सेक्टर में 29 हजार 500 करोड़ रुपये, अनंत टेक्नालॉजीज कम्पनी द्वारा एयरो स्पेस सेक्टर में एक हजार करोड़, ऑटोमेटस्की सॉल्यूशंस कम्पनी द्वारा आईटी सेक्टर में एक हजार करोड़, कोलावेरी इंक कम्पनी द्वारा फार्मा एण्ड ट्रेडिंग सेक्टर में एक हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावदिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि हैदराबाद में ग्रीनको कम्पनी के मुख्यालय का दौरा भी किया।

## मुख्यमंत्री यादव को नीमच के श्री राहुल लोहार ने कीं दुर्लभ कलाकृतियां भेंट

रणजीत टाइम्स

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को नीमच के श्री राहुल कुमार लोहार ने रुद्राक्ष पर बने भगवान पशुपतिनाथ मंदिर की मिनिएचर पेंटिंग तथा कोरोना काल में उपयोग में लिया जाने वाला चित्रित मास्क भेंट किया। रुद्राक्ष पर ब्रश के एक बाल से बनाई गई पेंटिंग में भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के दृश्य को चित्रित किया गया है। मैग्नीफाइंग ग्लास से पेंटिंग को देखने पर मंदिर में विद्यमान धार्मिक प्रतीक दिखाई देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भेंट किए गए मास्क पर कोरोना के वायरस को सिरींज से नष्ट करती सिंह पर सवार मां दुर्गा को चित्रित किया गया है। मां दुर्गा को सैनिटाइजर सहित कोरोना काल में उपयोग में आने वाले चिकित्सकीय उपकरण धारण किए दर्शाया गया है। मास्क पर कोरोना से संघर्ष में अपने प्राणों की आहुति देने वाले देश-दुनिया के डॉक्टरों के चित्र भी उकेरे गए हैं। यह संपूर्ण चित्रकारी प्राकृतिक रंगों से की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री लोहार के हुनर की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री राहुल को प्रशंसा पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए। श्री राहुल नीमच जिले के ग्राम कुचडोद के निवासी हैं। मंत्रालय में हुई इस भेंट के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग तथा संस्कृति राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री से मिले मिनी ब्राजील के होनहार फुटबॉल खिलाड़ी

रणजीत टाइम्स

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शहडोल के ग्राम विचारपुर के फुटबॉल खिलाड़ियों ने मंगलवार को मंत्रालय में भेंट की। खिलाड़ियों के साथ उनके जर्मन प्रशिक्षक डाइटमर बायर्सडार्फर, मैनुअल शेफ़र और खेल संचालक श्री राकेश गुप्ता भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समस्त खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई और भावी स्पर्धाओं में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षकों का स्वागत किया। शहडोल जिले के ग्राम विचारपुर को मिनी ब्राज़ील की संज्ञा दी गई है। यह खिलाड़ी हाल ही में जर्मनी की अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण यात्रा से लौटे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ÷मन की बात÷ कार्यक्रम में भी शहडोल जिले के खिलाड़ियों की प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खेल विभाग को निर्देश दिए थे कि विचारपुर अर्थात मिनी ब्राजील के फुटबाल खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए जर्मन यात्रा पर भेजा जाए। इसके लिए खेल विभाग और भारतीय दूतावास द्वारा आवश्यक वित्तीय और प्रशासन व्यवस्थाएं की गईं। खिलाड़ियों को फुटबॉल किट, स्पोर्ट्स शूज़ उपलब्ध करवाने के साथ ही उनका फिटनेस मूल्यांकन और मेडिकल परीक्षण करवाकर विदेश यात्रा के पूर्व प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को शहडोल जिले के विचारपुर के फुटबॉल खिलाड़ियों ने 4 से 12 अक्टूबर तक जर्मनी में प्राप्त प्रशिक्षण के अनुभव शेयर किये। जर्मनी से 14 अक्टूबर को भोपाल पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत भी हुआ। इस सप्ताह जर्मन फुटबॉल कोच डाइटमर बायर्सडार्फर और मैनुअल शेफ़र विचारपुर पहुंचे। दोनों कोच खिलाड़ियों के परिवार-जन से भी मिले। जर्मन प्रशिक्षकों द्वारा भोपाल के तात्या टोपे नगर स्टेडियम में फुटबॉल खिलाड़ियों से भी मुलाकात की।



## एक दिसम्बर को प्रदेश में होगा गीता जयंती का भव्य आयोजन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

रणजीत टाइम्स

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्री परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा श्रम कानून के संबंध में लिए गए फैसले के लिए मंत्रि-परिषद की ओर से उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग व्यापार के लिए यह अद्भुत कला है, श्रम से संबंधित 44 कानून की बजाय केवल 4 कानून की व्यवस्था से उद्योग व्यापार जगत को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। यह कानून पूरे देश में एक साथ लागू होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खजुराहो में 8 और 9 दिसंबर को विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी?। इसमें विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों, नवाचारों, आगामी वर्षों के प्रमुख लक्ष्यों, चुनौतियों और कार्य योजनाओं पर चर्चा होगी। इसके साथ ही 9 दिसंबर को मंत्री परिषद की बैठक खजुराहो में होगी। यह गतिविधि केन बेतवा लिंक परियोजना और बुंदेलखंड के विकास को समर्पित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में जन्मी मादा चीता ÷मुखी÷ द्वारा 5 शावकों को जन्म देना बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा और प्रदेश में औद्योगिक तथा निवेश गतिविधियों के विस्तार के लिए हैदराबाद में हुए रोड-शो की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने एक दिसंबर से आरंभ होने वाले गीता जयंती समारोह के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विगत वर्ष की भांति एक दिसम्बर को गीता जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। कुरूक्षेत्र में 24 नवम्बर से एक दिसम्बर की अवधि में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में मध्यप्रदेश द्वारा भाग लिया जा रहा है। इसमें जय श्रीकृष्णा नृत्य नाट्य, श्री कृष्ण लीला, कृष्णायन, जनजातीय एवं लोकनृत्य, चित्र प्रदर्शनी इत्यादि विभिन्न कार्यक्रम होगें। प्रदेश के 313 विकासखण्डों, 55 जिला मुख्यालय एवं 10 संभागों में श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्यों की सन्निधि में 3 लाख गीता प्रेमी श्रीमद् भागवत गीता के 15 वें अध्याय के श्लोक का सस्वर पाठ करेंगे। कार्यक्रमों में गीता ज्ञान प्रतियोगिता, कृष्णायन-नृत्य नाटिका आदि का भी प्रदर्शन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन मध्यप्रदेश के अंतर्गत हैदराबाद में 22 नवम्बर को हुई उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 10 कम्पनियों की ओर से 36 हजार 600 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे लगभग 27 हजार 800 नये रोजगार सृजित होंगे। प्रदेश में एजीआई ग्रीनपैक कम्पनी द्वारा पैकेजिंग इंजीनियरिंग सेक्टर में 1500 करोड़ रुपये, एक्सिस एनर्जी वेंचर्स इंडिया कम्पनी द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा सेक्टर में 29 हजार 500 करोड़ रुपये, अनंत टेक्नालॉजीज कम्पनी द्वारा एयरो स्पेस सेक्टर में एक हजार करोड़, ऑटोमेटस्की सॉल्यूशंस कम्पनी द्वारा आईटी सेक्टर में एक हजार करोड़, कोलावेरी इंक कम्पनी द्वारा फार्मा एण्ड ट्रेडिंग सेक्टर में एक हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव?दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि हैदराबाद में ग्रीनको कम्पनी के मुख्यालय का दौरा भी किया। यह कम्पनी प्रदेश में रिन्यूएबल एनर्जी में बड़ा काम कर रही है। ग्रीनको ने पिछले 10 वर्षों में 3 हजार मेगावॉट क्षमता वाले नवकरणीय ऊर्जा प्रोजेक्ट स्थापित किए हैं। आने वाले समय में कंपनी द्वारा 5 वर्षों में 25 हजार करोड़ के निवेश की योजना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत में जन्मी मादा चीता मुखी द्वारा 5 शावकों को जन्म देने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि प्रदेश में चीता अफ्रीका से लाये गये थे। उनकी भारत में जन्मी अगली पीढ़ी ने शावकों को जन्म दिया है। यह उपलब्धि भारतीय वनों में चीता प्रजाति के अनुकूलन का महत्वपूर्ण संकेतक है। यह भारतीय आवासों में चीता प्रजाति के अनुकूलन, स्वास्थ्य और दीर्घकालिक संभावनाओं का एक मजबूत संकेतक है। इससे देश में जैव विविधता के संरक्षण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हो रहे प्रयासों को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिये यह गौरव का विषय है। उन्होंने मंत्रि-परिषद के साथियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक नवम्बर को पीएमश्री पर्यटन हेली सेवा के शुभारंभ से प्रदेश ने हवाई पर्यटन के एक नए युग में प्रवेश किया है। इससे यात्रा अब अधिक तेज, सुरक्षित, किफायती और सुगम होगी। इस सेवा का नियमित संचालन 20 नवंबर से प्रारंभ हो गया है। इससे धार्मिक, वाईल्ड लाइफ और वेलनेस सेक्टर में हवाई कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध होगी।